राजस्थान सरकार
स्कूल शिक्षा विभाग

क्रमांकः प.15(1)प्राशि/2017 जयपुर, दिनांकः 03/10/2017

निदेशक,
प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

विषय :— ग्राम पंचायत सहायकों के चयन से शेष रही ग्राम पंचायतों में चयन हेतु आवेदन जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 15.09.2017 द्वारा ग्राम पंचायत सहायकों के चयन से शेष रही ग्राम पंचायतों में चयन हेतु कलैण्डर जारी किया गया है। कलेण्डर अनुसार आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र मय स्वप्रमाणित दस्तावेज सम्बन्धित **SDMC** की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष (पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्रधान) अथवा उसके द्वारा नामित **SDMC** के सदस्य सचिव को दिनांक 03.10.2017 को विद्यालय समय में प्रस्तुत करना निर्धारित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा दिनांक 03.10.2017 को दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में उपरोक्त कलेण्डर में आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि को दिनांक 04.10.2017 प्रातः 10.00 बजे तक बढाया जाता है। तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

3/10/17
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदया।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
3. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग ।
7. निजी सचिव, आयुक्त एवं शासन सचिव, पंचायती राज विभाग।
8. परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर ।
9. आयुक्त, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद, जयपुर ।
10. जिला कलक्टर्स — समस्त।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी/अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त।
12. उप निदेशक प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, समस्त ।
13. ज़िला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, समस्त ।
14. विकास अधिकारी — समस्त।
15. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी — समस्त।
16. रक्षित पत्रावली।

शासन उप सचिव

www.rajteachers.com